प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'इक्कीस'

[5/12/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 733]

परिशिष्ट–1

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)
(MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS)
क्षेत्रीय कार्यालय / REGIONAL OFFICE
ई-2/167, अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज स्टेशन के पास, भोपाल (म.प्र.) 462 016
E-2/167, Arera Colony, Near Habibganj Station, Bhopal (M.P.)-462 016

दूरभाष/Phone : 0755-2426638
फैक्स/Fax : 0755-2426698
ईमेल/E-mail : robhopal@nhai.org

NHAI/RO-MP/VS/2016/25970 Date: 22.11.2016

प्रति,
**कार्यालय मुख्य अभियंता (रा.रा.परि.)**
लो.नि.वि. अरेरा हिल्स
भोपाल (म.प्र.)

**विषयः राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 7 का फोरलेन कार्य (विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र.–733 द्वारा, माननीय श्री दिनेश राय)।**
**संदर्भः** आपका मेल दिनांक 17.11.2016.

महोदय,

संदर्भित मेल दिनांक 17.11.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा विधानसभा प्रश्न क्र. 733 इस कार्यालय को प्रेषित किया गया था।

उक्त के संबंध में भाराराप्रा की पकाई–जबलपुर एवं नरसिंहपुर कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि

| क्र | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | क्या कार्य एजेंसी (ठेकेदार) एवं शासन की उदासीनता के कारण रा.रा.क्र.–7 का फोरलेन का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ? विलंब का कारण एवं दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ? | भाराराप्रा पकाई जबलपुर कार्यालय के अंतर्गत रीवा से लखनादौन तक के रा.रा.क्र.–7 के भाग का भाग आता है, जिसका चार लेन चौड़ीकरण कार्य चार पैकेजों में प्रगति पर है। उक्त कार्य मेसर्स एल. एण्ड टी. लि. मुंबई के द्वारा ईपीसी पद्धति पर संपादित किया जा रहा है, उक्त कार्य में कोई उदासीनता नहीं बरती गई है, इसलिए दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही का प्रश्न ही नहीं उठता।<br>पकाई नरसिंहपुर कार्यालय के अंतर्गत लखनादौन–सिवनी मार्ग पैकेज नं. एन.एस.–1/बीओटी/एम.पी–2 कि.मी. 547.400 से कि.मी. 596.750 कुल लम्बाई 49.35 कि.मी. मे से 40.11 कि.मी. लम्बाई में कार्य पूर्ण हो चुका है, एवं शेष 9.24 कि.मी. के इस भाग में वनभूमि होने के कारण फोरलेन मार्ग का कार्य नहीं किया जा सका था।<br>वन एवं पर्यावरण मंत्रालय दिल्ली के पत्र क्र. 8–32/2006.ईसी दिनांक 20.12.2013 द्वारा वनभूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव की द्वितीय स्तरीय स्वीकृति प्रदान की गई है।<br>उक्त 9.24 कि.मी. कार्य के निर्माण कार्य हेतु मेसर्स उदित इन्फ्रा–पाथ इंडिया लिमि. रीवा के साथ अनुबंध दिनांक 19.08.2016 को करार किया गया है। कार्य प्रारंभ की दिनांक 20.10.2016 है, एवं कार्य पूर्ण करने की दिनांक 19.10.2017 है। कार्यप्रगति पर है।<br>सिवनी–खवासा मार्ग पैकेज नं. एन.एस. |

| | | |
|---|---|---|
| | | –1/बीओटी/एम.पी–3 कि.मी. 596.750 से कि.मी. 653.225 कुल लम्बाई 56.475 कि.मी. मे से 27.73 कि. मी. लम्बाई में कार्य पूर्ण हो चुका है।<br>शेष 28.745 कि.मी. मोहगांवसे खवासा (पेंच अभ्यरण्य क्षेत्र) फोरलेन मार्ग के निर्माण हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली की 35 वी मीटिंग दिनांक 18.08. 2015 के द्वारा शर्तों के आधार पर निमार्ण की सहमति प्रदान की गई है।<br>दक्षिण वनमण्डल सिवनी की वनभूमि पैंच अभ्यरण्य में परिवर्तित होने के कारण पुनरक्षित प्रस्ताव आनलाईन अनुमोदन हेतु जमा कर दिया गया है।<br>उक्त 28.745 कि.मी. के निर्माण हेतु डीपीआर निविदा की कार्यवाही प्रगति पर है। |
| ख) | क्या प्रश्नांक "क" फोरलेन के खनाई एवं खुदाई के कारण मुख्य राजमार्ग भी जर्जर हो गया है तथा गणेशगंज से छपारा एवं कुरई से खबासा तक के अपूर्ण निर्माण कार्य के कारण राजमार्ग के नजदीक रह रहे रहवासी पिछले तीन वर्षों से काफी संख्या में प्रदूषण के कारण दमा रोग से ग्रसित होते जा रहे है ? | भाराराप्रा पकाई जबलपुर कार्यालय के अंतर्गत फोरलेन निर्माण में मुख्य राजमार्ग जर्जर नहीं हो रहा है।<br>भाराराप्रा पकाई नरसिंहपुर के अंतर्गत अपूर्ण 9.24 कि. मी. में गनेशगंज से छपारा सेक्शन के 2लेन रोड के खड्डे, पेंच के रिपेयर का कार्य पूर्ण कर दिया गया है एवं इस सेक्शन पर 4लेन का कार्य प्रगति पर है।<br>कुरई से खबासा के 2लेन मार्ग का खड्डे, पेंच के रिपेयर के कार्य की निविदा 23.11.2016 को प्राप्त की जावेगी। |
| ग) | यदि हाँ तो राजमार्ग 7 कर पूर्ण होने की समय–सीमा एवं व्यय की गई राशि जानकारी बतायें ? | भारराप्रा पकाई जबलपुर कार्यालय के अंतर्गत रीवा से लखनादौन खण्ड के लिये माह जून 2015 में नियुक्ति दिनांक घोषित किया गया था, एवं उक्त कार्य अनुबंधानुसार दिसंबर 2017 तक पूर्ण किया जाना है।<br>उक्त कार्य की लागत अनुबंधानुसार 2649.64 करोड़ रू. है एवं माह अक्टूबर 2016 तक लगभग 125.54 करोड़ रू. की राशि का व्यय किया जा चुका है।<br>भाराराप्रा पकाई नरसिंहपुर के अंतर्गत 9.24 कि.मी. के पूर्ण करने की दिनांक 19.10.2017 है जिसकी कुल प्रोजेक्ट लागत 83.69 करोड़ है।<br>कुरई से खबासा सेक्शन के डीपीआर की निविदायें आमंत्रित की गई हैं। |

24/11/16

(विशाल गुप्ता)
क्षेत्रीय अधिकारी